प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 19 मई, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज जेएलकेएम के श्री देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने लोक भवन, राँची में भेंट की तथा बिरसा केंद्रीय कारागार, राँची में एक महिला कैदी के साथ काराधीक्षक द्वारा कथित यौन शोषण एवं उसे गर्भवती किए जाने संबंधी मामले की ओर राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया।

शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय को अवगत कराया कि कारागार परिसर के भीतर घटी यह घटना अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है तथा इससे राज्य की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। शिष्टमंडल ने यह भी उल्लेख किया कि मामले के प्रकाश में आने के बावजूद संबंधित काराधीक्षक अब तक पदस्थापित हैं, जो निष्पक्ष जाँच की दृष्टि से उचित प्रतीत नहीं होता।

माननीय राज्यपाल महोदय ने इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया तथा कहा कि महिला सुरक्षा एवं मानवाधिकारों से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की

लापरवाही स्वीकार्य नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार जैन ने लोक भवन, राँची में शिष्टाचार भेंट की। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने राज्य में लंबित रेल परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने हेतु अनुरोध किया।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर राँची से मुंबई के लिए प्रतिदिन रेल सेवा उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में यात्री इस मार्ग से आवागमन करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने राँची से नई दिल्ली के लिए अतिरिक्त ट्रेन सेवा उपलब्ध कराने की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने राँची-लखनऊ रेल सेवा को शीघ्र प्रारंभ किए जाने हेतु भी कहा।